प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–25.09.2023 (सं0–419)

गत दिनों कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	**जिला/थाना**	**संक्षिप्त**
01.	अरवल/ अरवल	➢ जिले के टॉप–10 मे शामिल कुख्यात वांछित अपराधी बिन्दु यादव गिरफ्तार। ➢ दिनांक 22.09.23 को अरवल थाना अन्तर्गत जिले के टॉप–10 मे शामिल कुख्यात वांछित अपराधी बिन्दु यादव उर्फ बौना यादव को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध पटना, जहानाबाद, अरवल के विभिन्न थानों में लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट के 05 कांड अंकित हैं।
02.	भागलपुर/ बबरगंज	➢ जिले के टॉप–10 मे शामिल कुख्यात वांछित अपराधी मो0 टिन्कू मियाँ गिरफ्तार। ➢ दिनांक 23.09.23 को भागलपुर पुलिस की विशेष टीम के द्वारा जिले के टॉप–10 मे शामिल कुख्यात वांछित अपराधी मो0 टिन्कू मियाँ उर्फ तालिब को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध जिले के मोजाहिदपुर (बबरगंज), ततारपुर में हत्या, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित कुल 08 कांड अंकित हैं।
03.	वैशाली/ कटहरा ओ0पी0, (गोरौल)	➢ लूट कांड का सफल उदभेदन। ➢ दिनांक 19.09.23 को कटहरा ओ0पी0 अंतर्गत कटहरा चौक स्थित ग्रामीण बैंक के पास 02 बाइक पर सवार 06 अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा मन्जय कुमार को उनकी किराना दुकान पर लूट–पाट किया गया तथा लूट–पाट के दौरान उनके बगल के एक साइकिल दुकानदार को अपराधियों के द्वारा गोली मार के जख्मी कर देने की घटना घटित हुई थी। जिसके उदभेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। ➢ गठित टीम के द्वारा घटना में संलिप्त 06 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। ➢ देशी पिस्टल–01, देशी कट्टा–01, जिन्दा कारतूस–08, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल–02, लूटा हुआ रूपये–20 हजार बरामद।
04.	गोपालगंज/ कुचायकोट	➢ गाँजा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई। ➢ दिनांक 21.09.23 को रात्रि में कुचायकोट थाना अन्तर्गत सासामुसा ओवर ब्रिज के पास से गुप्त सूचना के आधार पर एक कन्टेनर पर

		लदा करीब 1 क्विंटल गाँजा के साथ 02 अन्तराज्यीय गाँजा तस्कर 01. श्याम प्रसाद (उतराखंड) 02. बिहु राम (असम) को गिरफ्तार किया गया। ➤ पूछ–ताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा बताया गया की गाँजा असम से हरियाणा लेकर जा रहे थें।
05.	पूर्णिया / जानकी नगर थाना	➤ अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन। ➤ दिनांक 22.09.23 को जानकी नगर थाना अंतर्गत चकमका गाँव में मिथलेश यादव के घर पर मिनी गन फैक्ट्री (वर्कशॉप) के संचालन की गुप्त सूचना पर छापामारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया गया एवं 01 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। ➤ मिलिंग मशीन–01, लेथ मशीन–01, ड्रिल मशीन–01, अर्ध निर्मित बैरल–01, लोहे का मोटा प्लेट–19, लोहे का पतला प्लेट–69 एवं कई उपकरण बरामद।
06.	गया / इमामगंज थाना	➤ 09 वर्षो से फरार नक्सली भोला यादव गिरफ्तार। ➤ दिनांक 22.09.23 को इमामगंज थाना एवं सी0आर0पी0एफ0 159 बटालियन संयुक्त छापामारी में 09 वर्षो से फरार नक्सली भोला यादव को गिरफ्तार किया गया। ➤ गिरफ्तार नक्सली इमामगंज थाना कांड सं0–13 / 14 दिनांक 08.02.14 धारा–147 / 148 / 149 / 120 बी / 121 ए / 122 / 124 ए / 307 / 353 भा0द0वि0 एवं 25 (1–बी) ए / 26 / 35 आर्म्स एक्ट एवं 3 / 4 / 5 / 21 पी0 एक्ट एवं 13 / 16 / 18 / 20 यू0पी0ए0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट में वांछित था। ➤ गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध रौशनगंज थाना में नक्सल कांड अंकित है।

XXXX